समुदाय आधारित प्रोग्राम

युवा प्रोबेशनरों और उच्च जोखिम वाले युवाओं के लिए आवासीय सेवा

सेवा का विवरण

यूथ आउटरीच (Youth Outreach) युवा प्रोबेशनरों और उच्च जोखिम वाले युवाओं के लिए संक्रमणकालीन आवास (सेवा) का संचालन सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट के आर्थिक अनुदान अंतर्गत करता है। यह एक आवासीय सेवा है जो युवा प्रोबेशनरों और उच्च जोखिम वाले युवाओं के लिए 12 माह से कम समय तक होस्टल सुविधाएं और सहायक प्रशिक्षण प्रोग्राम उपलब्ध करवाती है जिन्हें क्रमश: प्रोबेशनरी ऑफिसरों और सोशल वर्करों द्वारा रेफर किया जाता है। यह सेवा एक संरचित वातावरण और उचित रूप से डिजाइन किए गए प्रोग्रामों के माध्यम से प्रोबेशनरों और उच्च जोखिम वाले युवाओं को काफी हद तक स्वयं-नियंत्रण और स्वतंत्र जीवन कौशल विकसित करने में सहायता का लख्य रखती है ताकि वे समुदाय में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में दोबारा हिस्सा बन सकें।

लक्षित समूह

1. दोनों लिंगों में 15 से 21 वर्ष की आयु (दाखिले के समय 21 वर्ष स कम) के युवा प्रोबेशनर जिन्हें प्रोबेशनर ऑफिसरों द्वारा रेफर किया जाता है।
2. दोनों लिंगों में 15 से 21 वर्ष की आयु के उच्च-जोखिम वाले युवा जो कार्यरत / बेरोजगार / व्यवहारजन्य और/या भावनात्मक ससमस्याओं के कारण आंशिक-रोजगार में हैं और लंबे समय से रोजगार कठिनाईयों, परिवार में संबंधों की समस्याओं और/या अवांछित समकक्ष संगठनों का सामना कर रहे हैं जो सोशल वर्करों द्वारा रेफर किए जाते हैं।

क्षमता

एक समय में प्रदान किए जाने वाले स्थानों की कुल संख्या पुरूषों के लिए 50 (जिनमें 40 प्रोबेशनरों के लिए और 10 उच्च-जोखिम युवाओं के लिए शामिल हैं) और महिलाओं के लिए 20 है (जिनमें 15 प्रोबेशनरों के लिए और 5 उच्च-जोखिम युवाओं के लिए शामिल हैं), जिसमें प्राथमिकता प्रोबोशनर मामलों को दी जाती है।

पता और संपर्क नंबर

युवा प्रोबेशनरों और उच्च जोखिम वाले युवाओं के लिए संक्रमणकालीन आवास -

	पुरूष सेक्शन	**महिला सेक्शन**
पता	7/F, Youth Outreach Jockey Club Building, 2 Holy Cross Path, Sai Wan Ho, Hong Kong	Flat B, 11/F, Youth Outreach Jockey Club Building, 2 Holy Cross Path, Sai Wan Ho, Hong Kong
टेलीफोन	2384 3004	2965 9247
फैक्स	2804 8626	2804 8632